


# कब्र पर चला दी जेसीबी, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**▸ बारापत्थर की जमीन का मामला**

**महिदपुर। धार्मिक नगरी में धार्मिक भावनाओं का आहत करने का एक मामला सामने आया है। जिसमें संदीप चौपडा ने जेसीबी चलवा कर ऐसा कृत्य कर दिया जिससे समाज जनों में काफी आक्रोश है। इस मामले में समाजजनों ने एक ज्ञापन भी कलेक्टर एवं एसडीएम के तहसीलदार राजेश चौहान को दिया और संदीप चौपडा पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है।**

मामला महिदपुर के समीपस्थ बारा पत्थर का है जहां पर मुस्लिम समाज की वर्षों पुरानी कब्र बनी हुई है। जिस पर जेसीबी चलाकर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। यह कारनामा किसी ओर ने नहीं बल्कि महिदपुर निवासी संदीप पिता सरदारमल चौपड़ा नामक व्यक्ति ने किया है। मामले में एक ज्ञापन मुस्लिम समाज के लोगों ने कलेक्टर, एसडीएम के नाम तहसीलदार को दिया और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें कि उक्त स्थान पर वर्षों पुराना कब्रस्तान और मस्जिद में दरगा बनी हुई है। ऐसे में इस प्रकार की कार्रवाई होना धार्मिक भावनाओं का आहत करता है।

इस संबंध में सलीम खान ने बताया कि बारापत्थर स्थित जमीन पर वर्षों पुराना कब्रस्तान बना हुआ था। जहां पर संदीप चौपड़ा ने जेसीबी चलाकर अनेक कब्रो को खोद दिया और अनेक कब्रों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसके साथ ही अमजद अली ने बताया कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन में कार्रवाई नहीं होने पर पुन: वरिष्ठ अधिकारियों को इस बाबत ज्ञापन दिया गया और कहा गया कि सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। आपने बताया कि कलेक्टर, तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन देकर संदीप चौपड़ा द्वारा जो कब्रे तोड़ी गई हैं इसके संबंध में उस पर कार्रवाई की जाए।



वहीं मामले में जानकारी देते हुए इरफान मिस्त्री ने बताया कि बारापत्थर पर स्थित जमीन पर हमारे दादा परदादा की मस्जिद और दरगाह थी। जिस पर संदीप चौपड़ा ने जेसीबी चलवाकर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया। अनेक कब्रों को तोड़ दिया गया है। इस जमीन को समतल कर खेती के लिए बना दिया गया है। वहीं मस्जिद को भी तोड़ने का प्रयास किया गया है। इस मामले में मुस्लिम समाजजनों ने एक ज्ञापन एसडीएम के साथ ही उसकी प्रति जिला कलेक्टर, तहसीलदार, थाना प्रभारी को प्रेषित की गई है।

# उपनिवेश वादियों ने भारतीय भाषा परिवार की एकता को तोड़ने की कोशिश की : मनोज श्रीवास्तव

**▸ माधव कॉलेज में भारतीय भाषा परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ**

**उज्जैन।** पश्चिमी उपनिवेशवादियों ने अफ्रीका और दुनिया के अन्य भागों में भाषाओं को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा और उसमें सफल भी रहे। हमारे देश में भी उन्होंने अपनी विभाजनकारी मानसिकता को व्यक्त करते हुए कई दरारें डाल दीं। भाषा को औजार के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने भारत को यह कह कर नकार दिया कि यहां 300 भाषाएं हैं। इस आधार पर भारत को उपमहाद्वीप कहा गया और यह भी कहा गया कि भारत एक राष्ट्र ही नहीं है। आज भी हिन्दी भाषा का यह कह कर विरोध किया जाता है कि हिन्दी सभी की भाषा नहीं है। अंग्रेजों ने अपने राज को न्यायोचित ठहराने के लिए भाषा को हथियार बनाया। उन्होंने संस्कृत को मृत घोषित कर दिया। हम अंग्रेज़ी भाषा का विरोध नहीं करते, लेकिन अपनी भाषाओं का भी ध्यान रखना चाहिए।

ये उद्गार प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय उज्जैन द्वारा भारतीय भाषा परिवार पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार चिंतक और राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि पद्मश्री डॉ भगवती लाल राजपुरोहित ने कहा कि जब अक्षर का उच्चारण किया जाता है, तब उसमें प्राण आ जाते हैं। शब्द विद्या यात्रा करते रहते हैं। भारत की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत है। उससे सब भाषाओं ने रस प्राप्त किया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत की सब भाषाओं में एक जुड़ाव है जो स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाणिनि संस्कृत विश्व विद्यालय के कुलगुरु प्रो शिवशंकर मिश्र ने कहा कि वाणी एक ऐसा आभूषण है जो हमें जीवन भर अलंकृत करता है। शब्द ब्रह्म है। वह कभी नष्ट नहीं होता। आधुनिक संस्कृत भाषा बहुत सरल है। लोग आजकल समझते हैं कि यह केवल कर्मकांड की भाषा है। लेकिन ऐसा नहीं है। संस्कृत भाषा ज्ञान और विज्ञान की भाषा है। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना सिंह ने कहा कि जब हम भाषा को जानेंगे तो अपने ज्ञान को समझ जाएंगे। भाषा भाव अभिव्यक्ति का मुख्य साधन है। भाषा तोड़ने का नही जोड़ने का काम करती है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा प्रकाशित भारतीय भाषा परिवार पर केंद्रित दो पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सुचित्रा पण्डित ने प्रसिद्ध शायर महमूद जकी द्वारा रचित उज्जैन का तराना की संगीतमय प्रस्तुति दी।

## एक नजर में

### हिन्दू उत्सव समिति ने बांग्लादेश का पुतला दहन किया



**महिदपुर।** हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में चौक बाजार पर समस्त हिंदू जनों द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार एवं नरसंहार को लेकर बांग्लादेश का पुतला दहन किया एवं बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में सर्व हिंदू समाज के लोग चौक बाजार से राजेंद्र मार्ग होते हुए तहसील प्रांगण मैं पहुंचे वहां पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर हिंदू समाज के सुधीर मूणत, भगवान सिंह जी पवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, मनोहर आजना, गौरव दवे विष्णु मालवीय आदि ने अपने उद्बोधन में बांग्लादेश में हो रहे हिंदु अल्पसंख्यक पर अत्याचार एवं हिंदू समाज के दीपू दास की निर्मम हत्या के बारे में जानकारी देते हुए उद्बोधन दिया संचालक कैलाश राठी के द्वारा किया गया। ज्ञापन का वाचन हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष संजय व्यास के द्वारा किया गया। आभार अखंड हिंदू सेना के अध्यक्ष मनोज प्रजापत के द्वारा आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं सभी समाज के सनातनी हिंदू बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जनपद की विभिन्न पंचायतों में मनाया जा रहा है सुशासन सप्ताह



**खाचरौद।** मप्र शासन के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसम्बर को सुशासन सप्ताह के रूप में मनाने के निर्देश के तारतम्य में जनपद की सभी 130 पंचायतो में कैलेंडर अनुसार प्रतिदिन 22 पंचायतों में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर मनाया जा रहा है। जिसमें पंचायत स्तरीय दल पंचायत में जन शिकायतों के निराकरण पर फोकस करेगा और प्राप्त आवेदन और उनके निराकरण को पोर्टल पर दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी। जनपद में प्रतिदिन 22 पंचायतों में सुशासन सप्ताह अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें धूमाहेड़ा, दिवेल, डोडिया, दुपड़ावदा, फर्नाखेड़ी, घिनोदा, गिंदवानिया, गोठड़ा, गुराड़िया पित्रमाल, गुराड़िया सांगा, गुरला, हताई, हिडी, जलोदिया उन्हेल में कुल 154 आवेदन प्राप्त हुए।

### धार्मिक महाकाव्य रामायण की नाट्य प्रस्तुति



**खाचरौद।** श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन विद्यापीठ में दो दिवसीय भव्य अभिव्यक्ति फन फेयर, साइंस एग्ज़ीवेशन और कल्चरल कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छात्रों ने रैंप वॉक किया। कक्षा पहली से पांचवीं के बच्चों ने नृत्य और स्किट की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सबसे अधिक आकर्षण था धार्मिक महाकाव्य रामायण की नाट्य प्रस्तुति। रामायण की प्रस्तुति ने वातावरण को धार्मिकता और आध्यात्मिकता से सरोवर कर दिया। इस मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले, मनोरंजक खेल, भूत बंगला और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद सभी अभिभावकों एवं बच्चों ने भरपूर उठाया। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष पृथ्वी राज सिंह पवांर और द्वितीय दिन के मुख्य अतिथि बीआरसी पुष्पराज तिवारी और एबीपीएस नागदा की वाइस प्रिंसिपल ऐश्वर्या सिन्हा रही।



# शुक्ला हुए महर्षि भृगु सम्मान 2025 से सम्मानित

**उज्जैन।** राजा विक्रमादित्य की नगरी अवंतिका में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष- तंत्र एवं वास्तु महाअधिवेशन का आयोजन किया गया। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, आचार्य वराह मिहिर न्यास डूंगला, प्रकल्प पूर्ण श्री फाउंडेशन उज्जैन, सम्राट विक्रमादित्य विद्युत परिषद उज्जैन एवं साउथ एशियन एस्ट्रो फेडरेशन नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में पोश शुक्ल पक्ष द्वितीया को कालिदास अकादमी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष तंत्र एवं वास्तु महा अधिवेशन कार्यक्रम में अवंतिका के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य वास्तुरविद व फलिताचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला को महर्षि भृगु सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह एक मानद पुरस्कार है, जो वैदिक ऋषियों में प्रमुख, महान ऋषि भृगु की स्मृतियों और उनके योगदान, विशेषकर ज्योतिष (भृगु संहिता) और ज्ञान के क्षेत्र में, सम्मानित करने के लिए दिया जाता है, यह ज्योतिष क्षेत्र में दिए जाने वाले सर्वश्रेष्ठ सम्मान में से एक है। डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला गुरुजी को यह सम्मान उनके द्वारा वास्तु एवं ज्योतिष के क्षेत्र में किए गए अनुसंधान हेतु दिया गया है। डॉक्टर विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया की ज्योतिष प्राचीन पद्धति है पूरी गणनाएं ज्योतिष के अनुसार ही होती हैं।

# शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

**माकड़ोन। उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन, उज्जैन द्वारा मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार भारतीय ज्ञान परंपरा विविध संदर्भ का ऑनलाइन माध्यम से सफल आयोजन किया गया।**



वेबिनार का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक धाराओं को समझना तथा समकालीन शैक्षिक एवं सामाजिक संदर्भों में उनकी प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए नई शिक्षा नीति 2020 में इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. नमन सारस्वत द्वारा प्रस्तुत की गई। वेबिनार में देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आमंत्रित विद्वान वक्ताओं ने सहभागिता की। प्रथम वक्ता डॉ. चंद्रमोहन सारस्वत (जयपुर) ने वेद, उपनिषद, नासदीय सूक्त एवं अपरा विद्या की दार्शनिक अवधारणाओं पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता डॉ. अभिषेक कुमार सिंह (वाराणसी) ने भारतीय दर्शन एवं उसकी शैक्षिक प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। वहीं तृतीय वक्ता डॉ. पुष्पेंद्र मिश्र (मेरठ) ने भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवन-मूल्यों एवं दर्शनशास्त्र से जोड़ते हुए प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. नरेन्द्र सरिया द्वारा किया गया। वेबिनार में देश के विभिन्न स्थानों से लगभग 20 प्रतिभागियों ने सहभागिता करते हुए शोध-पत्र प्रस्तुत किए। अंत में डॉ. शिवलाल मेवाड़ा ने आभार प्रदर्शन किया। समग्र रूप से यह राष्ट्रीय वेबिनार ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं अकादमिक दृष्टि से सफल रहा।




# हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस पर्व

**महिदपुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर में प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल एवं प्राचार्य सोबी थॉमस सर की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस पर्व मनाया गया।**

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ प्रार्थना नृत्य के साथ किया गया, नन्हे-नन्हे छात्रों के द्वारा किए गए विभिन्न नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने क्रिसमस पर्व पर अपने उद्बोधन द्वारा सभी छात्रों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं बताया कि प्रभु यीशु ने स्वयं को समर्पित कर पूरे विश्व को प्रेम एवं शांति का संदेश दिया। क्रिसमस पर्व हमें सिखाता है कि हमें सभी मनुष्यों को उनकी कमियों के साथ भी स्वीकार करना चाहिए सभी का सहयोग और सभी के सम्मान करें तो यह परोपकार भाव समाज में प्रेम और शांति स्थापित करेगा यह प्रेम ओर शांति का पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। इसके पश्चात सांस्कृतिक विभाग की ओर से शिक्षिका दिव्या पालीवाल ने अपने भाषण द्वारा छात्रों को क्रिसमस पर्व का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विद्यालय की सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों के पुरस्कारों का वितरण किया गया। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर एवं उपप्राचार्य अनीश थामस सर ने सभी छात्रों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। मिष्ठान वितरण के साथ इस रंगारंग कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एसडीएम को विद्यार्थियों ने दिया ज्ञापन

**खाचरौद।** ग्राम बटलावदी में नव निर्मित हो रहे पंचायत भवन को स्कूल से दूर बनाने सहित इस संबंधी मांग लेकर स्कूल के छात्रों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेहा साहू को ज्ञापन दिया गया।

उक्त संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेहा साहू ने बताया कि छात्र ज्ञापन देने आए थे पूर्व में ग्राम पंचायत हेतु दो बार सीमांकन किया गया था। छात्रों की मांग पर तीसरी बार पुन सीमांकन हेतु निर्देश दिए गए हैं व उक्त संबंध में छात्रों से चर्चा की गई व आपत्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सीमांकन के दौरान सभी पक्ष को नोटिस मिलने पर उपस्थित होकर अपना पक्ष के रखने के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच प्रहलाद सिंह ने बताया कि स्कूल सही स्थान पर बन रहा है। उसके गेट को लेकर शिक्षकों द्वारा छात्रों से विरोध करवाया जा रहा है। जबकि पूर्व में सीमांकन हो चुका है। जिसमे स्कूल की और से कोई उपस्थित नहीं हुआ था।



# म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन उज्जैन की नई कार्यकारिणी का गठन

**उज्जैन।** म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन उज्जैन की वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध चयन किया गया और उन्हें शपथ दिलाई गई।

नवगठित कार्यकारिणी में मेंटर्स के रूप में अभिलाष जैन एवं आशीष धारीवाल को दायित्व सौंपा गया। अध्यक्ष पद पर गोपाल पांड्या, उपाध्यक्ष के रूप में अजय तिवारी, सचिव वैभव बंसल, सहसचिव विजय सोनी, कोषाध्यक्ष अनुपम अग्रवाल तथा सह-कोषाध्यक्ष विपुल जैन को चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेंद्र मोरे, अशोक गांधी, यतीश बोहरा, गौरव लालवानी एवं अंशुल पाटीदार को निर्विरोध मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एसोसिएशन की गरिमा, पारदर्शिता एवं सदस्यों के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में एसोसिएशन और अधिक सशक्त एवं संगठित रूप से आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर हिमांशु शर्मा, सुमित कटारिया, गोपाल रावल, शरद शर्मा, प्रतीक जैन, देवेश गोयल, धर्मेंद्र शर्मा, दिनेश पाटीदार, विशाल काबरा, अनिल दिसावल आदि उपस्थित थे।

# कीर्तिराज सिंह पिपलिया हामा ने निशाने बाजी में फिर रचा इतिहास

**उज्जैन।** उज्जैन के ग्राम पिपलिया हामा के निवासी कीर्तिराज सिंह चौहान पिता अश्विनी सिंह पिपलिया हामा ने भोपाल शूटिंग अकादमी में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 11 दिसंबर से 31 दिसंबर तक भोपाल मे आयोजित 68वी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर .22 राइफल पीप साइट (एलआर) के प्रोन पोजीशन में निर्धारित अंकों से ज्यादा अंक अर्जित करते हुए रिनाउंड शूटर की पोजीशन प्राप्त की। वीर राइफल शूटिंग सोसाइटी के प्रशिक्षणरत 17 वर्षीय बालक उज्जैन से एक मात्र छात्र कीर्तिराज सिंह ने आल इंडिया नेशनल राइफल शूटिंग कंपीटीशन में 594/600 अंक प्राप्त कर आगामी प्रतियोगिता के लिए लिए अपना पांचवां स्थान सुरक्षित कर मध्य प्रदेश ही नहीं अपितु उज्जैन का नाम गौरवांवित किया। अब कीर्तिराज आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे और मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर सेंटमेरी स्कूल के छात्र कीर्तिराज के क्लब के गुरुजनों, सह पाठियों, मित्रों द्वारा बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया एवं आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक के लिए निशाना साधने के लिए बधाईयां प्रेषित की है।

**एक नजर** ▸ **एनडीआरएफ की फैक्ट्री में संयुक्त रासायनिक आपातकालीन मॉक ड्रिल**

# लैंक्सेस की आपातकालीन तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की

**नागदा।** लैंक्सेस इंडिया की नागदा स्थित फैक्ट्री को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा उसकी उत्कृष्ट आपातकालीन तैयारी एवं प्रतिक्रिया क्षमताओं के लिए विशेष मान्यता प्रदान की गई है। यह सम्मान औद्योगिक सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन और आपदा-निवारण के प्रति लैंक्सेस इंडिया की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नवंबर 2025 में एनडीआरएफ द्वारा लैंक्सेस की नागदा फैक्ट्री में संयुक्त रासायनिक आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था, जिसमें फैक्ट्री की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (ईआरटी) ने सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाई।



इस अभ्यास का उद्देश्य संभावित औद्योगिक आपात स्थितियों में त्वरित, सुरक्षित एवं समन्वित प्रतिक्रिया की तैयारियों का परीक्षण करना था। मॉक ड्रिल के सफल समापन के उपरांत 11वीं बटालियन, एनडीआरएफ के कमांडेंट कार्यालय द्वारा एक आधिकारिक प्रशंसा पत्र जारी किया गया। इसमें लैंक्सेस की टीम की तकनीकी दक्षता, सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, सुव्यवस्थित योजना, समयबद्ध संचार और अनुशासित निष्पादन की विशेष रूप से सराहना की गई। एनडीआरएफ ने यह भी उल्लेख किया कि लैंक्सेस इंडिया द्वारा अपनाई गई सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति, निरंतर प्रशिक्षण, नियमित आपातकालीन अभ्यास तथा कर्मचारियों, परिसंपत्तियों एवं आसपास के समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाले सक्रिय उपाय अत्यंत प्रशंसनीय हैं।

एनडीआरएफ के कमांडेंट ने कहा हम लैंक्सेस इंडिया के साथ सुरक्षा जागरूकता, क्षमता निर्माण और आपातकालीन तैयारी के क्षेत्र में निरंतर सहयोग की अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर सुनील गुलाटी, हेड नागदा साइट, लैंक्सेस इंडिया ने कहा एनडीआरएफ के साथ किया गया यह संयुक्त अभ्यास हमारी औद्योगिक सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे अभ्यास हमारी आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को सुदृढ़ करते हैं और सुरक्षित एवं जिम्मेदार संचालन सुनिश्चित करते हैं।